## परीक्षा देने आए ओपन यूनिवर्सिटी के छात्र का मोबाइल चोरी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी के परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आए छात्र का मोबाइल फोन चोरी हो गया। छात्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हजरतगंज के लाप्लास कॉलोनी निवासी गौरव कुमार गौतम यूपीआरटीओयू के छात्र हैं। उनके मुताबिक मंगलवार को वह अंतिम परीक्षा देने के लिए वृंदावन स्थित परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। परीक्षा के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन बैग में रखकर कक्ष के बाहर रखा था। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब उन्होंने बैग की जांच की तो मोबाइल फोन गायब था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस परीक्षा केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपित की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## श्मशान घाट से गेट व टंकी चोरी, ग्रामीणों में रोष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मवई कला में श्मशान घाट से लोहे का मुख्य गेट, पानी की टंकी और टोटी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। ग्राम प्रधान गीता मौर्य ने इस संबंध में थाने पर लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि गांव के श्मशान घाट पर लगा लोहे का मुख्य गेट तथा वहां स्थापित पानी की टंकी और टोटी को अज्ञात चोर क्षतिग्रस्त कर उठा ले गए। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गेट टूटा देखा और सामान गायब पाया, जिसके बाद इसकी सूचना ग्राम पंचायत को दी गई। सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस को अवगत कराया। ग्राम प्रधान ने मामले की गहन जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना से ग्रामीणों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र खुलासा कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# शिक्षा और स्वास्थ्य सबको सुलभ होना चाहिए : डॉ. मोहन भागवत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता है। यह व्यवसाय नहीं हो सकते। शिक्षा और स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होने चाहिए। ये बातें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम के लोगों ने शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया। हमारी शिक्षा व्यवस्था हटाकर अपनी थोपी। जिससे उन्हें काम करने के लिए काले अंग्रेज मिल जाए। अंग्रेजों ने जो बिगाड़ा उसको ठीक करना होगा। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य देश को परम वैभव सम्पन्न बनाना है। मैं और मेरा परिवार ही सबकुछ है, यह न सोच कर पूरे देश के लिए सोचना होगा। संघ समाज की एकता और गुणवत्ता की चिंता करता है। संघ को समझना है तो संघ के अंदर आकर देखिये। संघ को पढ़ कर नहीं समझा जा सकता है। संघ को सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने वाला एक ही काम करना है। संघ किसी के विरोध में नहीं है। संघ को लोकप्रियता, प्रभाव और शक्ति नहीं चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की बड़ी भूमिका है। सत्य परक बातें सामने आनी चाहिए। अज्ञानता से भारत को हम समझ ही नहीं पाएंगे। उन्होंने शोधार्थियों से कहा कि जो भी शोध करें उसे उत्कृष्ट रूप से, प्रामाणिकता पूर्वक, तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से देश के लिए करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है। शोधार्थियों को सत्य सामने लाना चाहिए। वैश्वीकरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई बहुत बड़ी चुनौती नहीं है। आज वैश्वीकरण का मतलब बाजारीकरण से है, जो खतरनाक है। हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं। यानी पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। जब तक सब सुखी नहीं होंगे, एक व्यक्ति सुखी नहीं हो सकता है। इसलिए, हमारा जीवन संयमित होना चाहिए, उपभोगवादी नहीं होना चाहिए। संयम, त्याग का जीवन हमारे संस्कृति आत्मबोध में है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया। उन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और बाकी को छोड़ दो, जो बाधक बने, उन्हें मिटा दो यही काम आज अमेरिका, चीन कर रहे है। लेकिन आज दुनिया भर की समस्याओं के प्रश्नों का उत्तर भारत के पास है। विश्व गुरु बनना है तो सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। दुनिया तभी मानती है जब सत्य के पीछे शक्ति हो। उन्होंने कहा कि धर्म का शाश्वत स्वरूप सदैव प्रासंगिक है। सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वह धर्म है। धूल का एक भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता है। धर्म सबको सुख पहुंचाता है। हमारी सभी बातों में धर्म लागू है। आचरण धर्म, देश, काल के अनुसार बदलता रहता है। धर्म बताता है कि हमें अकेले नहीं सबके साथ जीना है। संघ प्रमुख ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम लोगों को मित्र भाव से जीवन को जीना चाहिए। पेड़ लगाना, पानी बचाना, एकल प्लास्टिक का प्रयोग न करना जैसे कार्य पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। हमें आधुनिक तकनीक का भी पर्यावरण संरक्षण में उपयोग करना चाहिए।

## रमजान में अमेठी वेलफेयर फाउंडेशन ने बांटी 200 अफ्तार किट



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज रमजान के पवित्र माह की शुरूआत पर अमेठी वेलफेयर फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए जरूरतमंद परिवारों के बीच लगभग 200 से अधिक अफ्तार सामग्री किट वितरित की, फाउंडेशन के अध्यक्ष अबरार हुसैन अब्बासी ने बताया कि यह कार्य समाज के सहयोग से संभव हो सका। टीम के सदस्य डॉ. जकारिया, कासिम अब्बासी, मोहम्मद खालिक, जुनैद खान, उस्मान खान एवं उदयभान यादव ने क्षेत्र में पात्र परिवारों को चिन्हित कर उन्हें रमजान में उपयोग होने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई, अध्यक्ष ने कहा कि संस्था का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। फाउंडेशन किसी भी प्रकार का भेदभाव किए बिना इंसानियत के आधार पर जरूरतमंदों की सहायता करता है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## घर से मंदिर जाने की बात कह कर निकली दो किशोरियां लापता



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शिवरात्रि के दिन घर से मंदिर जाने की बात कह कर निकली दो किशोरियां संदिग्ध हालत में लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने सरोजनी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनी नगर के अमौसी निवासी नीलम राजपूत पत्नी जितेन्द्र राजपूत के मुताबिक बीती 15 फरवरी रविवार को शिवरात्रि अवसर पर उनकी 17 वर्षीय बेटी शौम्या राजपूत और 14 वर्षीय भतीजी छवि सुबह करीब छह बजे मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। तो खोजबीन के दौरान पता चला कि दोनों किशोरियां अमौसी रेलवे स्टेशन से सुबह कानपुर जाने वाली ट्रेन में सवार होकर कानपुर की ओर चली गईं हैं। काफी तलाश करने पर भी जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की तहरीर सरोजनी नगर थाने में दी। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए दोनों किशोरियों की तलाश में जुट गई है।

## बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ यात्रा को उप मुख्यमंत्री ने किया रवाना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, 19 फरवरी। 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत संवाद सामाजिक संस्थान, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस (जेआरसी) और पेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह को पूरी तरह से रोकने के लिए एक अनूठी पहल की गयी है। इसके तहत बुधवार को लखनऊ से बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ यात्रा को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के प्रति लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, यह रथ यात्रा इसमें पूरी तरह कारगर साबित होगी। दिल्ली से आये जेआरसी के राष्ट्रीय कन्वीनर रविकांत ने बताया कि यह 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसमें जेआर सी के 400 सहयोगी संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। वर्ष 2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त बनाने, बाल श्रम मुक्त और बाल तस्करी जैसे मुद्दों पर रोकथाम को लेकर यह अनूठी पहल की गयी है। इस मौके पर पेस संस्था की सचिव रजविंदर कौर ने कहा कि उनकी संस्था ने इस 100 दिवसीय अभियान के दौरान जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के लगभग 18 ब्लाक के 1000 से अधिक गाँवों तक पहुँच बनायी है। अब तक इस यात्रा के माध्यम से करीब दो लाख लोगों को जागरूक किया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को इसका समापन किया जाएगा। इसके माध्यम से धार्मिक स्थलों, स्कूल-कॉलेज, सरकारी कार्यालयों, पंचायतों, स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ शादी में खास तौर पर शामिल होने वाले बैंड वालों, दर्जी, टेंट, सजावट करने वालों, गेस्ट हाउस और कैटरर्स को भी विशेष तौर पर जागरूक किया गया है, ताकि बाल विवाह को रोकने में वह मददगार साबित हो सकें। कार्यक्रम में संवाद संस्था के निदेशक अतुल तिवारी, आलोक, पेस संस्था से देवरथ, अमरेश, सर्वेश, अवनीश, तथा स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि व ग्राम पंचायतों के प्रधान आदि शामिल रहे।

## प्राथमिक शिक्षा ही राष्ट्र की दिशा तय करती है डॉ. राजेश्वर सिंह




अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सेक्टर-9 सी, वृंदावन योजना स्थित ओएसिस द लिटिल पर्ल्स एवेन्यू स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य प्राथमिक शिक्षा से तय होता है और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने बताया कि मानव मस्तिष्क का 90 प्रतिशत विकास प्रारंभिक बाल्यावस्था में होता है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री खेंौर ल्हीहेंल्ल के शोध का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में निवेश 7 से 10 गुना तक प्रतिफल दे सकता है। कक्षा 3 तक बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान जरूरी बताते हुए उन्होंने ह्यलर्निंग पॉवर्टीह्ण की अवधारणा का भी जिक्र किया। विधायक ने विद्यालय को स्मार्ट क्लास हेतु इंटरैक्टिव बोर्ड देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर क्षेत्र में अब तक 41 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित कराई जा चुकी हैं तथा 100 प्राथमिक विद्यालयों में सीएसआर फंड से खेल-सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मजबूत प्राथमिक शिक्षा ही समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## बुंदेलखंड क्षेत्र में 98 % से अधिक घरों तक पहुंचा नल से जल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कभी पानी की किल्लत और प्यास की राजनीति के लिए चर्चित रहा बुंदेलखंड अब नल से जल आपूर्ति के मामले में नई पहचान बना रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान आंकड़ों के अनुसार बुंदेलखंड मंडल के सातों जिलों में 98 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण घरों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी) उपलब्ध कराया जा चुका है। कई जिलों में यह कवरेज 99 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार इसे ग्रामीण जीवन स्तर में ऐतिहासिक बदलाव का संकेत मान रही है।

बांदा में कुल 2,68,960 ग्रामीण घरों में से 2,68,722 घरों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है, जो लगभग 99.91 प्रतिशत है। चित्रकूट में 1,63,970 में से 1,63,698 घरों तक कनेक्शन पहुंचा है, जो 99.83 प्रतिशत है। महोबा में 1,40,149 में से 1,39,904 घरों (99.83 प्रतिशत), हमीरपुर में 1,86,530 में से 1,85,693 घरों (99.55 प्रतिशत) और ललितपुर में 2,06,983 में से 2,05,966 घरों (99.51 प्रतिशत) को नल से जल सुविधा मिल चुकी है। झांसी में 2,51,232 में से 2,49,111 (99.16 प्रतिशत) तथा जालौन में 2,12,069 में से 2,08,174 घरों (98.16 प्रतिशत) को कवर किया गया है। समूचे बुंदेलखंड जोन में कुल 7,59,609 घरों में से 7,58,017 घरों तक कनेक्शन पहुंच चुका है, जो 99.79 प्रतिशत कवरेज दशार्ता है। 2019 से पहले प्रदेश में ग्रामीण नल जल कवरेज दो प्रतिशत से भी कम था। बुंदेलखंड जैसे सूखा प्रभावित क्षेत्र में पाइप से पेयजल सुविधा अपवाद मानी जाती थी। जल जीवन मिशन की शुरूआत के बाद बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण किया गया। ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक और व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य तेजी से पूरा किया गया। भौतिक संरचना लगभग पूर्ण हो चुकी है और अब ध्यान कमीशनिंग तथा नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर है।

## सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और कृषि क्षेत्र की उत्पादकता तथा उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र 'अटारी' में 'भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस सीड पार्क के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सुलभ होंगे, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर



एक्साटेंशन' (एसएमएई) योजना के मानक मदों में राज्यांश सम्मिलित करते हुए कुल 9 करोड़ 5 लाख 62 हजार 500 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' (तिलहन विकास) के लिए 4 करोड़ 68 लाख 5 हजार 550 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य तेलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

इसी श्रृंखला में, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत आजमगढ़ कैंपस में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्यों के लिए 7.66 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी इन निवेशों से उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य में संरचनात्मक सुधार होंगे और तकनीकी प्रसार को मजबूती मिलेगी।

## सपा विधायकों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** सपा के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में एसआईआर में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए उससे जुड़े विषयों को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग को हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा जो ज्ञापन सौंपा गया है वो एक ऐसी आशा है जो हर इंसान के अंदर बैठे ईमानदार जमीर से दुनिया हमेशा करती आई है। सदैव ये नहीं होता कि लोग कुछ गलत करते हैं, कभी-कभी सत्ताधारी दल के लोग अधिकारियों को गलत करने पर मजबूर भी करते हैं। बचपन में हमने पंच परमेश्वर की जो कहानी सुनी थी, उस पर हमारा एतबार आज भी कायम है। एसआईआर में फार्म 7 की अनगिनत धांधलियों और गड़बड़ियों को लेकर हमारी जो आपत्तियां और ठोस साक्ष्य हैं, उनका संज्ञान लेकर चुनाव आयोग न्यायसंगत निर्णय लेगा और इस अपराध के लिए कानूनी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर भी करेगा, ये हमारा अटूट विश्वास है। चुनाव आयोग जब अपने गौरवशाली अतीत के प्रति सजग रहेगा तभी लोकतंत्र बचेगा।

## कार्यकर्ता नकारात्मकता से दूर रहें : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

- सपा अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद से चिढ़ है। भाजपा पीडीए को बदनाम करना चाहती है। नौजवानों में फूट डाल रही है। पार्टी के विरोध प्रचार की नीति बना रही है। पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को भाजपा से सावधान रहना है। बीजेपी के जाल में नहीं फंसना है। कार्यकर्ता नकारात्मकता से दूर रहें। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सपा डॉ. राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलने के लिए अडिग है। उन्होंने कहा कि पीडीए का रास्ता ही विकल्प है। कार्यकर्ता एकजुटता और आपसी तालमेल से कार्य करें। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सिर्फ विध्वंस करना जानती है। नफरत की राजनीति करती है। सपा विकास की राजनीति करती है। किसान, गरीब, नौजवानों को आगे बढ़ाने तथा प्रदेश के विकास के लिए सपा की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का अपना कोई कार्य नहीं है। वह सपा की सरकार के समय हुए विकास कार्यों को अपना बताती है।

## कौशल कनेक्ट सेल से युवाओं को सीधे मिलेगा रोजगार

अमन लेखनी समाचार

- इन्वेस्ट यूपी और कौशल विकास मिशन के बीच समन्वय के लिए गठित हुई सेल




लखनऊ। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की ओर से एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित कार्यबल उपलब्ध कराने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' का गठन किया गया है। प्रदेश में आने वाले बड़े निवेश को सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योगों को समय पर स्किल्ड मैनपावर मिल सके। इसी उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' बनाई गई है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मिशन में प्रशिक्षण और सेवायोजन (रोजगार) की प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीडअप-पीएमयू को आबद्ध किया गया है। यह पीएमयू अब 'कौशल कनेक्ट सेल' के माध्यम से निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय स्थापित करेगा। 'कौशल कनेक्ट सेल' केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं होगी, बल्कि इसके कार्य जमीन पर बदलाव लाएंगे। रियल-टाइम ट्रैकिंग कर इन्वेस्ट यूपी के साथ दैनिक समन्वय कर निर्गत प्रोजेक्ट्स की स्थिति को अपडेट रखना यह सेल का मुख्य कार्य होगा। इसके साथ ही किस जिले में कितना निवेश आ रहा है और वहां किस सेक्टर (जैसे ऑटोमोबाइल, आईटी, टेक्सटाइल आदि) में कितने युवाओं की जरूरत है, इसका डेटाबेस तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी होगी। निवेशकों के एचआर विभाग से लगातार संपर्क में रहना और ट्रेनिंग पार्टनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को संबंधित उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार सुनिश्चित करना भी सेल का काम होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा लगभग 35 सेक्टर्स और 1300 से अधिक जॉब रोल्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 'कौशल कनेक्ट सेल' के सक्रिय होने से अब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री की मांग के बीच का अंतर खत्म होगा और यूपी के युवाओं को उनके जिले में ही बड़े उद्योगों में नौकरी मिल सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। 'कौशल कनेक्ट सेल' की स्थापना न केवल प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को 'स्किल हब' के बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दोनों विभागों की ओर से एकल संपर्क सूत्र (एसपीओसी) नामित किए गए हैं।

इन्वेस्ट यूपी की ओर से ओमैर शहिद, टीम लीडर एसपीओसी के रूप में कार्य करेंगे। कौशल विकास मिशन की ओर से इस सेल की अध्यक्षता डॉ. पवित्रा टंडन, सहायक निदेशक द्वारा की जाएगी। मिशन के एसपीओसी अतुल कुमार सिंह को नामित किया गया है। उनकी सहायता के लिए श्री धनंजय कुमार द्विवेदी और ज्योति श्रीवास्तव को भी टीम में शामिल किया गया है।

## नरेंद्र मोदी युवाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : पंकज चौधरी

### कार्यक्रम में बोले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर/लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने गोरखपुर में विकसित भारत बजट 2026-27 पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने कहा कि देश की युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और सरकार की प्रत्येक योजना में युवाओं को केंद्र में रखा गया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बजट की विशेषताओं को समझकर जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जो वायु के वेग को बदल दे उसे युवा कहते हैं। जब युवा सोच बदलता है तो समय भी बदल जाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बजट के प्रावधानों को गहराई से समझें और उन्हें सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आम जन की सुविधा, नवाचार, रोजगार सृजन, आर्थिक वृद्धि और समावेशी विकास को केंद्र में रखकर नीतियां बनाई हैं। यह बजट भी वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य के भारत की नींव मजबूत करने वाला है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2014-15 में जहां बुनियादी ढांचे का बजट मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है।

रक्षा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रस्तुत यह पहला बजट है, जिसमें रक्षा बजट को 15 प्रतिशत बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ रुपये किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग और आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सात रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन दिया गया है।

उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 200 पुराने औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार और 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा को रोजगार और उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने महिलाओं और किसानों पर विशेष फोकस का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल, ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए शी-मार्ट, जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य तथा कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एआई आधारित भारत विस्तार योजना के माध्यम से किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध होगी।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के 9.12 लाख करोड़ रुपये के बजट का उल्लेख करते हुए बताया कि यह पिछले वर्ष से 12.9 प्रतिशत अधिक है। 20 प्रतिशत बजट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निर्धारित है और ग्रामीण विकास में 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वर्ष 2016-17 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13.3 लाख करोड़ रुपये थी, जो 2025-26 में बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

पंकज चौधरी ने युवाओं से नए जोश और दृढ़ संकल्प के साथ संगठन और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## संक्षेप

### दुकान पर बैठी महिला को पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत टाउन एरिया भगवंतनगर के गंजरी निवासी सूरज कुमार पुत्र राजेश कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार देर शाम उसकी माँ राजकुमारी अपनी किराने की दुकान मे बैठी थी तभी पडोसी अयोध्या पासी ठेकेदार नशे की हालत में गालिया व बकते हुये दुकान के सामने गिर पड़े जब उसकी माँ ने अयोध्या को जाने के लिए कहा तभी अयोध्या की पत्नी सुन्दरा देवी व बेटी खुशी देवी ने आकर मेरी माँ राजकुमारी के मुह पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलहान हो गई । साथ ही ये लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया पीड़ित का मेडिकल उपरान्त मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### बाजार से वापस घर जा रहे युवक को दबंगो ने पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव टेढ़ा गांव निवासी कमलेशी देवी पत्नी साजन कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 16 फरवरी को उसका पुत्र आदर्श कनौजिया टेढ़ा बाजार सब्जी लेने गया था। टेढ़ा बाजार से वापस आते समय चिलौली मोड़ के पास गांव के निवासी विकास निर्मल पुत्र गणेश गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आक्रोशित होकर लात घूंसो व डंडे से पिटाई कर दी।मारपीट से पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है । मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दो कारों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत दोनो चालक घायल

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा असरेन्दा मार्ग पर हमारा पंप के पास दो इको गाड़ियां की आमने-सामने भिड़ंत हो गई दोनों के चालक घायल हो गया जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है असरेंदा जा रही इको गाड़ी संख्या यूपी 32 जे एम 2873 जैसे ही पंप के पास पहुंची दीवानखेड़ा से आ रही एक संख्या यूपी 32 क्यों एल 95 54 आमने-सामने टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार हुई कि दोनों गाड़ियों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए जानकारी के मुताबिक इको संख्या यूपी 32 जे एम 2873 को बालशंकर मिश्रा पुत्र मोहित मिश्रा निवासी समाधा थाना असोहा चला रहा था वही इको संख्या यूपी 32 द छ 95 54 को रमाशंकर पुत्र गौरी शंकर निवासी नवल खेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव चला रहा था राहगीरों ने घटना की जानकारी चौकी कालूखेड़ा को दी सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मृत्युंजय बहादुर मौके पर तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सामुदायिक केंद्र असोहा में भर्ती कराया रमाशंकर की हालत गंभीर देखते ुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी

## एक्सपोजर विजिट के तहत आंचलिक विज्ञान केंद्र में बच्चों ने देखी विज्ञान की अद्भुत दुनिया

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। राज्य परियोजना निदेशक (महानिदेशक स्कूल शिक्षा) कंचन वर्मा के आदेशानुसार एवम् जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार और ब्लॉक सुमेरपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केन्द्र, अलीगंज के लिए रवाना किया गया। उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह एवं बीईओ अखिलेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बसों को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को उत्साहपूर्वक विदा किया यह भ्रमण कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। पूर्व में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 विद्यार्थियों का चयन इस एक्सपोजर विजिट के लिए किया गया था। कुल पांच बसों के माध्यम से बच्चों को विज्ञान नगरी तक पहुँचाया गया। विज्ञान केन्द्र पहुंचकर विद्यार्थियों ने थ्रीडी साइंस शो का आनंद लिया तथा ओपन साइंस पार्क में विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों और मॉडलों का अवलोकन किया। लाइव एक्वेरियम प्रदर्शनी के माध्यम से जलीय जीवों की दुनिया से परिचित हुए, वहीं फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी से संबंधित प्रयोगों और मॉडलों ने बच्चों की जिज्ञासा को नई उड़ान दी। पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अद्भुत उत्साह और जिज्ञासा देखने को




मिली।खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने भ्रमण के सफल संचालन हेतु लगभग 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सुपरविजन की जिम्मेदारी सौंपी।भ्रमण कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर अखिलेश कुमार वर्मा स्वयं मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अन्वेषण की प्रवृत्ति और प्रयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना है, ताकि वे केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर प्रयोग के माध्यम से सीखने की आदत विकसित कर सकें। भ्रमण के दौरान बच्चों की देखरेख में शिक्षक-शिक्षिकाओं में बृजेश कुमार सिंह, रवि शंकर पाण्डेय, अभिषेक गुप्ता, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, अमरेश विक्रम सिंह, नमिता त्रिपाठी, वंदना दीक्षित, निवेदिता सचान, ज्योति, गौरव सिंह, जय भीम और मुकेश सचान सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। यह शैक्षिक पहल न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उनमें वैज्ञानिक संस्कृति और नवाचार की भावना को भी सशक्त करने का सार्थक प्रयास सिद्ध हुई।

## कृषि योजना की जनपदीय समीक्षा की डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की जनपदीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित जनपद उन्नाव के नोडल अधिकारी डॉ. गगनेश शर्मा, जो नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग गाजियाबाद के निदेशक भी हैं, उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक रवि चन्द्र प्रकाश ने योजना के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों को शामिल करते हुए किसानों के बीच प्रमाणित बीजों का वितरण कराया जाएगा। इसका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों का प्रमाणीकरण कराया जाए, जिससे बाजार में उनकी विश्वसनीयता बढ़े। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रेता एवं विक्रेता की संयुक्त बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, हॉट मार्केटिंग की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर स्थापित हॉट मार्केटिंग केंद्रों का सदुपयोग किया जाए और ब्लिंकिट तथा स्विगी जैसी कंपनियों की तर्ज पर नेटवर्क तैयार कर कृषि उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने बताया कि योजना के अंतर्गत पोर्टल पर निर्धारित इंडिकेटरों के माध्यम से लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर अपने एक वर्ष के आंकड़े पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जीवामृत, घनजीवामृत एवं बीजामृत तैयार करने का प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, आम उत्पादक क्षेत्रों के कृषि उत्पादों को सुपर मार्केट जैसे लूलू मॉल तक पहुंचाने की रणनीति बनाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर डॉ. गगनेश शर्मा ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर सतत कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की आवश्यकता है। बैठक में डॉ. अर्चना सिंह (इंचार्ज कृषि विज्ञान केंद्र धौरा), जिला कृषि अधिकारी शशांक, जिला उद्यान अधिकारी सुरेन्द्र राम भाष्कर, डीडीएम नाबार्ड सुमित कुमार सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रायपुर खैला मऊ गांव में बुधवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान रजनीश (40) पुत्र राम चरण निवासी रायपुर खैला मऊ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रजनीश ने अपने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकले, तो परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर उन्हें फंदे से लटका पाया गया।आनन-फानन में परिजन उन्हें नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही सोहरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, रजनीश मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं, जो पढ़ाई कर रही हैं। पिता की असामयिक मौत से दोनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि रजनीश का कुछ समय से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। दिमागी बीमारी के चलते वह अक्सर परेशान रहते थे। परिवार वालों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से अधिक चुप रहने लगे थे और तनाव में दिखते थे। हालांकि, किसी प्रकार के विवाद या झगड़े की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोचिंग से घर वापस जा रही छात्राओं के साथ युवकों ने की छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज में छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मंगलवार रात कोचिंग से घर लौट रही दो छात्राओं के साथ छेड़खानी और मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना से इलाके में आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, सब्जी मंडी स्थित एक कोचिंग संस्थान से पढ़ाई कर लौट रही इन छात्राओं को रास्ते में कुछ युवकों ने रोक लिया। पीड़ित छात्राओं ने आरोप लगाया है कि तीन से चार युवक पिछले कई दिनों से उनका पीछा कर रहे थे और लगातार अभद्र टिप्पणियां कर परेशान कर रहे थे। छात्राओं ने पहले इसे नजरअंदाज किया था।

घटना वाले दिन युवकों ने बीच रास्ते में रोककर छात्राओं के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जब छात्राओं ने इसका विरोध किया, तो मामला हिंसक हो गया। आरोप है कि एक युवक ने एक छात्रा का हाथ पकड़कर उसे जबरन अपने साथ चलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने बेल्ट से छात्रा की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आई दूसरी छात्रा को भी युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पीड़ित छात्राओं का कहना है कि हमलावरों ने उन्हें डराने-धमकाने की भी कोशिश की, जिससे वे काफी सहम गईं। किसी तरह मौके से निकलकर छात्राओं ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत करने का फैसला किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस घटना के बाद क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोचिंग और स्कूलों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस ने बताया है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

## बेखौफ लकड़कट्टे हरे भरे पेड़ो पर चला रहे आरा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों का अवैध कटान धड़ल्ले से जारी है लकड़कट्टे बेखौफ होकर आरा चला रहे हैं, जिससे इस अवैध कार्य में वन विभाग की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध बनी हुई है। हालात यह हैं कि हरे-भरे पेड़ गिरते जा रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई और आश्वासन तक सीमित हैं।बांगरमऊ क्षेत्र के मुन्नीपुरवा गांव में शीशम, नीम, अमरूद आदि सहित अन्य तरह के प्रतिबंधित पेड़ों का कटान किया गया तथा दिनदहाड़े लकड़ी वाहनों से ले जाई गई है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि यह सब अचानक नहीं हो रहा, बल्कि सुनियोजित तरीके से अवैध लकड़ी का कारोबार फल-फूल रहा है। इसके बावजूद अब तक लकड़कट्टो पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। हरे पेड़ों के कटान से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र की हरियाली उजड़ रही है और आने वाले समय में गर्मी व जल संकट और गहराने की आशंका है। इसके बावजूद वन विभाग की चुप्पी यह संकेत देती है कि सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदी जा रही हैं। इस मामले में वन दारोगा पप्पू सिंह यादव ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है, लेकिन सवाल यह है कि जब अवैध कटान खुलेआम चल रहा है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। अवैध पेड़ कटान का यह कोई नया मामला नहीं है पिछले कुछ दिनों पर गौर करे तो गांव पलिया, हसनपुर मजरा,मेला आलमशाह आदि गांवों सहित दर्जनों स्थानों पर हरे भरे पेड़ उजाड़ दिए गए ज्ञात हो पलिया गांव में 15 दिन पहले एक दर्जन पेड़ो का कटान होने की बात प्रकाश में आई लेकिन वन विभाग की रिपोर्ट में सिर्फ दो पेड़ काटे जाने का जिक्र हुआ था जिससे वन विभाग और लकड़कट्टो में तालमेल होने की चर्चा बनी हुई है।इसी तरह पूर्व में गांव सुल्तानपुर के निकट दर्जनों आम के पेड़ काटे गए जिसमें कार्यवाही महज कुछ पेड़ो के नाम पर की गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना बुधवार दोपहर बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर आरएस चौराहे के पास हुई। मृतक के बड़े भाई की 20 फरवरी को शादी होनी थी, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

पुलिस के अनुसार, बांगरमऊ कोतवाली के शीतलगंज निवासी पंकज पुत्र लालता प्रसाद अपने एक साथी के साथ बाइक से आरएस चौराहे गया था। लौटते समय आरएस चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के पास एक ईंट से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी मामूली रूप से चोटिल हुआ।



आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। पंकज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को अस्पताल से घर ले गए।

पंकज अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई विमल की 20 फरवरी को शादी है, जिसके लिए पूरा परिवार घर पर ही मौजूद था। पंकज फरीदाबाद में रहकर मजदूरी करता था। मृतक के घायल साथी ने बताया कि घटना के समय बाइक तेज रफ्तार में थी। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर जाने वाले मार्ग पर लगा रहा भीषण घंटों जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज कस्बे में बुधवार सुबह करीब 10 बजे से 11:30 बजे तक भीषण जाम लग गया। कानपुर और उन्नाव के बीच आवागमन करने वाले सैकड़ों वाहन करीब डेढ़ घंटे तक फंसे रहे, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जाम की शुरूआत शुक्लागंज मुख्य चौराहे और आसपास की संकरी सड़कों पर वाहनों के अत्यधिक दबाव से हुई। सुबह स्कूल और दफ्तर का समय होने के कारण पहले से ही ट्रैफिक अधिक था। इसी दौरान कुछ बड़े वाहन आमने-सामने आ गए, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया और दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोगों ने बताया कि कई स्कूली छात्र-छात्राएं समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके, जबकि नौकरीपेशा लोगों को भी देरी का सामना करना पड़ा। अस्पताल जाने वाले मरीजों और



उनके परिजनों को सबसे अधिक दिक्कत हुई। एक एंबुलेंस को भी जाम से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि शुक्लागंज में बढ़ते यातायात दबाव के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। संकरी सड़कें और अव्यवस्थित पार्किंग स्थिति को और गंभीर बना देती हैं। भारी वाहनों को रोककर धीरे-धीरे सामान्य हुआ ट्रैफिकजाम की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को व्यवस्थित करना शुरू किया। यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि जाम खुलवाने के लिए कुछ समय तक भारी वाहनों की आवाजाही रोकी गई और ट्रैफिक को एक-एक लेन से नियंत्रित कर निकाला गया। इसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो सकी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शुक्लागंज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से राहत मिल सके।

## खड़ी इको स्पोर्ट्स कार में लगी आग, जलकर हुई खाक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के दरोगाबाग क्षेत्र में देर रात एक खड़ी इको स्पोर्ट्स कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दरोगाबाग मोहल्ले में सड़क किनारे खड़ी इस कार से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी गाड़ी लपटों में घिर गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह



जलकर खाक हो चुकी थी।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यह शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य कारण से, इसकी जांच की जा रही है। घटना का वीडियो आसपास मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन से बनाया, जिसमें कार तेज लपटों में घिरी दिख रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामला संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने का प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हादसा था या किसी शरारती तत्व की हरकत। वाहन स्वामी को भी घटना की सूचना दे दी गई है और क्षेत्र में एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्राला मार्ग पर लगा लंबा जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज कानपुर लखनऊ हाइवे पर खराब हुए ट्रक में पीछे से एक ट्राला भिड़ जाने से हाइवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर दोनों वाहनों को सड़क से किनारे खड़ा कराया तब जाकर आवागमन चालू हो सका।इस दौरान तकरीबन दो घंटा जाम लगा रहा। कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित आजाद मार्ग चौराहे से दो से मीटर आगे कानपुर की ओर से आ रहा एक ट्रक बुधवार सुबह अचानक खराब होकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया। पीछेसे आ रहा ट्राला खराब खड़े ट्रक में पीछे से जाकर भिड़ गया ।जिससे



हाइवे पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। सुबह होते होते कानपुर लेन में लगभग तीन किमी लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे बदरका चौकी इंचार्ज अनिल त्रिपाठी ने आनन फानन क्रेन मंगवा कर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया । तब कही जाकर सुबह नौ बजे वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से चालू हो सका है। दोनों वाहनों के लड़ने से ट्रक चला रहे ड्राइवर बजरंगी को मामूली चोट आई है जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

## नाले में गिरकर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे एक युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में धुत था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

यह घटना बांगरमऊ कोतवाली के दुल्लापुरवा के निकट हरदोई-उन्नाव रोड पर हुई। सूचना मिलने के बाद पीआरवी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीन फुट चौड़े नाले से नशे की हालत में धुत युवक को बाहर निकाला और सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी बांगरमऊ ले गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सक डॉ. नीरज शुक्ला ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। स्थानीय निवासी परवीन ने बताया कि एक राहगीर ने युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी थी। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के थानों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि युवक नशे की हालत में पैदल टहलते हुए नाले में गिर गया था। आसपास के लोगों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे सीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक सवार की टक्कर से युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरायर निवासी श्याम सुंदर पुत्र राम प्रकाश ने बारा सगवर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके पिता राम प्रकाश 10 फरवरी को बाइक से मां राम दुलारी के साथ धानीखेड़ा स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वापस आते समय टेढ़ा के पास तेज रफ्तार सामने से आ रही बाइक ने पिता की बाइक में टक्कर मार दी जिससे पिता राम प्रकाश गंभीर घायल हो गए।पिता का इलाज कानपुर में चल रहा है।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### लाट साहब जुलूस मार्ग का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**देर रात आयोजकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएजा**

शाहजहांपुर ,होली के दिन निकलने वाले 'लाट साहब' के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने देर रात जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान जुलूस आयोजक भी उपस्थित रहे। एसपी राजेश द्विवेदी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, संवेदनशील स्थानों की निगरानी और भीड़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियाँ समय से पूरी करने तथा जुलूस के दौरान सतर्कता एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ढीले और लटके तारों को ठीक कराने, ट्रांसफार्मरों को ढकने, सड़क पर गड्ढों को भरने और मार्ग पर अवरोध उत्पन्न कर रही अस्थायी व स्थायी बाधाओं को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों और जुलूस मार्ग पर प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। यह जुलूस थाना आरसी मिशन क्षेत्र के सरायकाइयां मोहल्ले से होली के दिन निकाला जाता है। लगभग तीन किलोमीटर लंबा यह जुलूस सरायकाइयां, दलेलगंज और तारीन गाड़ीपुरा होते हुए वापस सरायकाइयां पहुंचता है। देश के इस अनोखे जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती माना जाता है, जिसकी तैयारियां दो महीने पहले से शुरू हो जाती हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे जुलूस के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों से भी शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

### रात में बुलडोजर से तोड़े गए मकान

**हाइवे चौड़ीकरण के लिए नाला निर्माण में बाधक बन रहे थे घर**

शाहजहांपुर , जनपद के कांट नगर में हाइवे चौड़ीकरण के तहत नाला निर्माण कार्य के दौरान कई मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।इस कार्रवाई से एक दर्जन से अधिक परिवारों का लाखों का सामान मलबे में दब गया।यह घटना बरेली मोड़ से जलालाबाद तिराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य के हिस्से के रूप में हुई। प्रभावित लोगों ने बताया कि वे रात करीब तीन बजे अपने घरों में सो रहे थे, तभी बुलडोजर से उनके मकान तोड़े जाने लगे। संदीप, दीपक, अमित, पुजारी, बुधपाल, बबलू, अनुज, रामदास और राजाराम सहित कई निवासियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने विरोध किया, तो कंपनी के लोगों ने उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया।उनका कहना है कि उन्हें अपना सामान निकालने का भी मौका नहीं मिला। इस संबंध में नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत ने बताया कि सभी नगरवासियों को पहले ही तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके थे।

# किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी: सीडीओ मुकेश चन्द्र

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच ।कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित किसान दिवस बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा किसान दिवस बैठक में आये हुए किसानों से पूर्व किसान दिवस में आयी शिकायतों की बिन्दुवार समीक्षा की।इसके उपरान्त सीडीओ ने कहा कि जनपद बहराइच कृषि प्रधान जनपद है।सभी किसानों को समय से खाद, बीज केसीसी व प्रधानमंत्री फसल बीमा से आच्छादित किया जा रहा है।इसमें आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता प्रदान कर दूर करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है।कृषि को लाभाकारी बनाये जाने का सुझाव दिया।उन्होनें किसानों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री बनवालें, जिससे उन्हें भविष्य में योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु अभिलेखों की आवश्यकता कम से कम पड़े। सीडीओ ने सभी उपस्थित किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाये जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन किसान भाइयों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है। वे अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। बैठक में उपस्थित किसानों से अपनी समस्यायें रखने को कहा। किसान दिवस बैठक में उपस्थित उप निदेशक कृषि श्री विनय कुमार वर्मा ने जनपद में किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की अपील की गयी।कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने वर्तमान रबी फसलों में सिंचाई के सम्बन्ध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि यदि गेहूँ फसल में फूल आ रहे हो तो हल्की सिंचाई कर दिया जाये।यदि फसल में कीट रोग का प्रकोप दिखाई दे तो लाइट ट्रैप, स्टिकी स्टिक का प्रयोग किया जाये।फिर भी अगर रोकथाम नहीं हो रही है तो हरा निसान वाले रसायनों का उपयोग कर सकते है। बैठक में उपस्थित कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने जिला कृषि अधिकारी बहराइच को बताया कि वर्तमान में हाईब्रिड मक्का बीज का मूल्य रू. 600/ प्रति कि.ग्रा. है। जबकि छूट कम से कम 50 प्रतिशत मिलनी चाहिये। इस पर उप निदेशक (कृषि) ने जिला कृषि अधिकारी को कृषि निदेशालय लखनऊ को पत्र व्यवहार करने को कहा।इस अवसर पर इस अवसर पर उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसंद, एआर को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी, डिप्टी सीवीओ डॉ. मो. शकील, डीपीआरओ सी.वी. सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा की वैज्ञानिक श्रीमती रेनू आर्या, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नानपारा अनुभव कुमार, डॉ. सौरभ वर्मा भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच, सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम, अधिशासी अभियन्ता विद्युत कैसरगंज जगदीश कुमार, सहायक अभियन्ता नहर प्रथम राजेश कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता नहर प्रवेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता नलकूप ललित कुमार, सरयू नहर खण्ड-5 मुकेश कुमार राय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं प्रगतिशील सदस्य कृषक श्रीमती माया देवी, जितेन्द्र सिंह, निरंजन लाल वर्मा, अम्बिका प्रसाद वर्मा सहित समस्त अधिकारी/पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

## हाइवे पर हुए हादसे में कार सवार घायल, हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच।मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपाराझलखीमपुर हाईवे पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में कार सवार घायल हो गया घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया, हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना दोपहर लगभग 2:40 बजे गायघाट चौराहे और मटिहा मोड़ के बीच हुई।एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही डीसीएम से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बलवंत उर्फ नीरज वर्मा पुत्र रामदुलारे, निवासी अवघूत गांव थाना नवाबगंज के रूप में हुई है।वह कार संख्या यूपी 32 जे जेड 4224 से मिहींपुरवा से नानपारा की ओर जा रहा था, तभी डीसीएम संख्या यूपी 40 टी 5646 से आमनेझसामने भिड़ंत हो गई।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया।




## खड़े डंपर में दूसरा डंपर लड़ा, चालक हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे के मिर्जा फैक्ट्री के पास बुधवार भोर पहर पंचर खड़े डंपर में पीछे से दूसरा मौरंग लदा डंपर टकरा गया।जिसमे डंपर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक देव शंकर निवासी ग्राम अमौली घाटमपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना होते ही हाईवे किनारे खड़ा खराब डंपर ठीक करके चालक लेकर चला गया।घटनास्थल पर पहुंचे दरोगा राजेंद्र ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को जिला अस्पताल भेजा क्रेन व हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त डंपर को हटाने का प्रयास करने लगे लेकिन ओवर लोड होने के कारण वह हट नहीं पाया इसके बाद पुलिस ने 3 हाइड्रा और मंगवाए इसके बावजूद जब डंपर नहीं हटा तो उसे जेसीबी से उसे खाली करवाया गया और मौरंग को हटवाया गया घटना के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया एक तरफ गदन खेड़ा बाईपास तो दूसरी ओर पुरवा तिराहे तक लोग जाम में फंस गए जाम में फंसे वाहन आसपास के लिंक मार्गो से होकर गुजरने लगे जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ गई स्कूल नौकरी पेसें के लोग जाम में फंसे रहे।सुबह करीब 4 बजे लगा जाम दोपहर 1 बजे के बाद हट पाया करीब 9 घंटे पुरवा तिराहे से गदनखेड़ा बाईपास तक भीषण जाम लगा रहा।पुलिस के अनुसार क्षतिग्रस्त डंपर को हाईवे से हटवाते समय जाम लग गया था।जिसके हटते ही यातायात बहाल हो गया है।

## बहराइच किसान महापंचायत से पहले रूपईडीहा पहुंचे राकेश टिकैत

### स्थानीय किसानों से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। बृहस्पतिवार को बहराइच में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में शामिल होने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत),के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत, सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में मंडल उपाध्यक्ष साधु शरण वर्मा के आवास पर रात्रि प्रवास किया। उनके आगमन पर स्थानीय किसान नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया तथा संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।रात्रि प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने कहा कि बहराइच में होने वाली किसान महापंचायत में किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका-भारत के बीच संभावित व्यापार समझौते का किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव, इस वर्ष सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में 50 रुपये की वृद्धि तथा एमएसपी गारंटी कानून की मांग जैसे मुद्दे महापंचायत के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है और महापंचायत के माध्यम से आगे की रणनीति तय की जाएगी। टिकैत के रूपईडीहा पहुंचने पर संगठन के तहसील महासचिव एडवोकेट मोहम्मद अयूब ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मोहम्मद कौशर, सिराज अहमद, शरीफ अहमद, शब्बीर अहमद, राज बाबू, सनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 शुरू, कैसरगंज में प्रशासन सख्त

**सरदार पटेल इंटर कॉलेज में एसडीएम का औचक निरीक्षण, नकलविहीन परीक्षा के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं आज 18 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में शुरू हो गई हैं।परीक्षाओं को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने सरदार पटेल इंटर कॉलेज स्थित बोर्ड परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं की सघन जांच की, प्रवेश पत्र व पहचान संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बैठने की व्यवस्था को भी परखा। उप जिलाधिकारी ने केंद्र पर मौजूद प्रधानाचार्य, कक्ष निरीक्षक, शिक्षकगण एवं सुरक्षाकर्मियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि बोर्ड परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन एवं पारदर्शी होनी चाहिए और यदि कहीं भी नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी विभागीय व विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केंद्र के अंदर और बाहर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, वहीं लगातार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और निगरानी की जा रही है। प्रशासन की सख्ती और सतत निगरानी के चलते परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संचालित हो रही हैं।अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से भी अपील की है कि वे परीक्षा संबंधी नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि बोर्ड परीक्षा ईमानदारी और विश्वास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## बोर्ड परीक्षा के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच।माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आहवान किया। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देशानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने बताया कि सभी 122 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम सघन निगरानी रखी जा रही है।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भारत-नेपाल सीमा पर 41 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली कामयाबी**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसएसबी और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम को अहम सफलता मिली है। सीमा स्तंभ संख्या 667 के पास चेकिंग के दौरान एक तस्कर को 41 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।बरामदगी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मंगलवार को सीमा क्षेत्र में सघन जांच अभियान के तहत मोतीपुर थाने की पुलिस टीम एसएसबी के साथ लौकाही गांव के निकट भारत-नेपाल बॉर्डर पर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उसे रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 41 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग चार लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोतीपुर निवासी करीब 40 वर्षीय इजाद पुत्र निसार अहमद के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह स्मैक को नेपाल ले जाकर खपाने की फिराक में था। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना मोतीपुर में मुकदमा अपराध संख्या 52/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।संयुक्त अभियान में एसएसबी की 59 वीं वाहिनी की सीमा चौकी लौकाही के प्रभारी निरीक्षक सामान्य सुभाष चंदर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। वहीं मोतीपुर पुलिस की ओर से थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया, उपनिरीक्षक कमलेन्द्र प्रताप सिंह और हेड कांस्टेबल गद्दू पांडेय ने कार्रवाई में सक्रिय भूमिका निभाई।एसएसबी का कहना है कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। और लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या एसएसबी को दें, ताकि नशे के नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## एसआईआर की समीक्षा हेतु एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने की बैठक प्रशिक्षित किये गये एईआरओ व एएईआरओ

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। तहसील सभागार नानपारा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं आयोग द्वारा 12 नवनियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस जारी करने, जारी की गई नोटिसों को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड करने तथा प्राप्त होने वाले फार्मों की जांच कर पोर्टल पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों को पॉवर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से एस.आईआर. की विभिन्न प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ साथ मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत करने वाले अभिलेखों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण सत्र के उपरान्त श्रीमती जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वार अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि आयोग की मंशानुरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम त्रुटि रहित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

## कलयुगी मां ने रिश्ते को किया शर्मसार, जन्म के बाद बेटी को फेंका

**नवजात बच्ची का शव पैरूवा पुल के नीचे मिला**

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।एक बार फिर कलयुगी मां ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए नवजात को जन्म तो दे दिया लेकिन उसे जीवन नहीं दे सकी और उसे पुल के नीचे गड्ढे में फेंक दिया जिससे नवजात बच्चे की मौत हो गई और उसे कौवे और जानवर नोच रहे थे जिस पर किसी ग्रामीण की नजर पड़ी और उसने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु का शव बराबर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही लोग तरह-तरह की बातें करके कलयुगी मां को धिक्कार रहे हैं।मोतीपुर थाना के जालिमनगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत गूढ़ हरखापुर मार्ग पर पैरूआ के निकट बने पुल के नीचे राहगीरों ने एक नवजात बच्ची का शव पड़ा देखा जिसकी सूचना जालिमनगर पुलिस चौकी को दी गई सूचना पाकर चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु बहराइच भेज दिया है।पैरूआ पुल गूढ़ चौराहे पास बना है जहां पर मंगलवार को पुल के नीचे नवजात बच्ची के मिलने से लोगों द्वारा यह कयास लगाया जा रहा है किसी माँ द्वारा नवजात बच्ची को पुल के नीचे फेंक दिया गया है इस विभत्स कृत्य की सभी स्थानीय लोग निन्दा कर रहे हैं।जालिमनगर चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्र ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पंहुचकर नवजात बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है नवजात का जन्म ताजा होना दिखाई पड़ रहा है नवजात बच्ची को फेंकने वाले की जानकारी की जा रही है।

## सैंपलिंग के नाम पर न किया जाए उत्पीड़न

**शाहजहांपुर में व्यापारी परेशान, रजिस्ट्रेशन सीमा 40 लाख करने समेत 18 मांगें**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यापारियों ने रजिस्ट्रेशन की सीमा 40 लाख रुपये टर्नओवर तक करने और फूड एक्ट लाइसेंस न होने पर सजा का प्रावधान खत्म करने सहित कई प्रमुख मांगें रखीं। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख रुपये तक के टर्नओवर की सीमा तय की गई है।हालांकि, महंगाई को देखते हुए यह सीमा बहुत कम है।उन्होंने मांग की कि 12 लाख रुपये के टर्नओवर के बजाय 40 लाख रुपये वार्षिक टर्नओवर तक का काम करने वाले व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन की सीमा में रखा जाए। व्यापारियों ने यह भी मांग की कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा के प्रावधान को समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बड़ी मात्रा में खाद्य पदार्थों का व्यापार ऑनलाइन फूड चेन सप्लाई और मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन ऑनलाइन फूड सप्लाई करने वाले डिलीवरी व्यक्तियों के पास फूड लाइसेंस नहीं है।इसलिए, सभी ऑनलाइन और फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस बनवाने के आदेश पारित किए जाएं।प्रतिनिधिमंडल ने प्रत्येक जिले में एक ही रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी नियुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रत्येक जिले में अनेक रजिस्ट्रेशन अधिकारी हैं, जिन्हें फील्ड का काम भी करना होता है।व्यापारियों का सुझाव है कि रजिस्ट्रेशन अधिकारी को फील्ड का कार्य न दिया जाए इसके अतिरिक्त, व्यापारियों ने मांग की कि पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर केवल पैकिंग करने वाली फर्म या कंपनी को ही दोषी माना जाए।

# छत का जीना टूटकर गिरने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। ककरवई थाना क्षेत्र के ग्राम कचीर में मंगलवार को निर्माण कार्य के दौरान अचानक छत का जीना टूटकर गिरने से उसकी चपेट में आए एक युवक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार ग्राम कचीर निवासी सुनील कुमार अहिरवार (30 ) पुत्र तुलाराम मंगलवार की शाम करीब 5: 00 बजे अपने घर में निर्माण कार्य करा रहा था, तभी अचानक छत का जीना टूटकर उसके ऊपर गिर गया ,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद



सुनील कुमार (फाइल फोटो)



टूटा पड़ा छत का जीना

डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। सुनील दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई अनिल बाहर रहकर मजदूरी करता है। सुनील घर पर रहकर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सुनील के पिता होमगार्ड में है जिनकी झांसी में तैनाती है। सुनील का 5 वर्ष का एक बेटा और 7 वर्ष की एक बेटी है। नियति ने दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया। इस ह्रदय विदारक घटना से जहां पत्नी सहित बच्चों और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

# भिलगौर (गौरा) में सोलर प्लांट व आटा चक्की का उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। भिलगौर (गौरा) गांव में बुधवार को 18 पैनलों वाला सोलर प्लांट, आटा चक्की और तेल निकालने वाली मशीन (ऑयल एक्सपेलर) का उद्घाटन किया गया। जीतबहादुर सिंह उर्फ तिहाइत के यहां स्थापित इस यूनिट का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे और जीत बहादुर सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला कचहरी के कई सम्मानित अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष अभय राज सिंह, वर्तमान सचिव जंग बहादुर सिंह, भुपेंद्र दुबे एडवोकेट, की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य पार्थ सिंह, जयदीप, शैलेंद्र पांडेय, राजन, बृजेश सिंह तथा उमेश कुमार (रेलवे मेल सर्विस) अंकित सिंह एडवोकेट उर्फ(सरदार) बृजेश मिश्रा एडवोकेट, संदीप एडवोकेट, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर पैनल आधारित इस व्यवस्था से गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों को आटा पिसवाने व तेल निकलवाने में सुविधा होगी, साथ ही बिजली की बचत भी होगी।

# रक्त दान कर जिंदगी देने की खुशी का अनुभव करें:- दिलीप कुमार दुबे

**हिंडालको व रेडक्रॉस सोनभद्र के आजीवन सदस्य गौतम अग्रवाल ने 32 वीं बार किया महादान**

विंध्यज्योति



रेणुकूट:- मानव सेवा सर्वोपरि प्रयास एक मुहिम जिंदगी बचाने की मुहिम के अंतर्गत आज के रक्तदाता रहे विश्व की सबसे बड़ी अल्युमिनियम मैन्युफैक्चरिंग कंपनी हिंडालको रेणुकूट आदित्य बिड़ला ग्रुप के बिजनेस एच आर विभाग में कार्यरत एवं प्रयास फाउंडेशन एक मुहिम जिंदगी बचाने की रक्तदाता समूह के महासचिव गौतम अग्रवाल दुद्धि सोनभद्र निवासी 28 वर्षीय रुद्र प्रताप यादव हिंडालको हॉस्पिटल रेणुकूट में भर्ती है और उनकी तबीयत बहुत ज्यादा खराब है डॉक्टर्स द्वारा फ्रेश ब्लड की डिमांड की गई फैमिली मेंबर के पास दूसरे रक्त समूह के दाता थे जैसे ही इसकी सूचना मिली और ग्रुप में पोस्ट किया गया तुरंत गौतम अग्रवाल ब्लड बैंक पहुँचकर अपने अनमोल रक्त का 32 वी बार दान कर पुण्य के भागी बने संस्था प्रमुख दिलीप दुबे ने कहां की गौतम अग्रवाल के द्वारा महादान का कार्य किया गया और इन्होंने एक अजनबी के लिए रक्तदान कर इंसानियत का मान रखा इसीलिए कहते हैं की ना दिन ना रात ना मौसम देखा करते हैं हम रक्तदानी है बस हालत देख करते हैं हम गौतम अग्रवाल के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हैं आप स्वस्थ रहें और ऐसे ही जरूरतमंदों की सेवा कर अनमोल जिंदगिया बचाते रहे क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और आपके एक रक्तदान से तीन-तीन जिंदगियां बचाई जा सकती है गौतम अग्रवाल ने अपील के माध्यम से लोगों से गुजारिश किया कि अगर आप भी 18 वर्ष के हैं वजन 45 किलो है और पिछले 6 माह में कोई बड़ा ऑपरेशन नहीं हुआ है और हिमोग्लोबिन 12.5 है और आप पुरुष है तो साल में चार बार और महिला है तो तीन बार रक्तदान कर किसी को जिंदगी देने की खुशी का अनुभव कर सकते हैं इस मानवता पूर्ण कार्य के लिए गौतम अग्रवाल के साथियो ने पूरी-पूरी प्रशंसा की

**खास समाचार**

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 66 शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## खडी कार में लगी अचानक आग, हादसा टला

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई ) खड़ी कार में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गईं, जब तक आग पर काबू पाया जाता तब कार का काफी हिस्सा जल चुका था। मंगलवार को सुनासीर नाथ मंदिर दर्शन के लिए तपनौर निवासी आशीष गुप्ता अपनी सिफ्ट डिजायर कार आए थे। कार खडी करके बाबा के दर्शन को चले गए। जब लौटकर आये तो देखा खड़ी कार में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है। आस पड़ोस के लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की करीब एक घंटे की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गाड़ी मालिक आशीष ने बताया कि एक महीने पूर्व कार खरीदी थी। ऐसे में खास बात यह रही कि कोई कार में सवार नहीं था. ये भी एक चमत्कार से कम नहीं है कि बाबा की चौखट पर हादसा टल गया।

## नाला लीकेज होने से अंडर ग्राउंड बिल्डिंगो में घुसने लगा पानी....

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई ) कस्बे के महमदपुर तक बनने वाला नाला लीकेज होने से बिल्डिंगों में पानी घुसने से व्यापारियों में रोष बना हुआ है। तो चुंगी नंबर दो पर बनाए जा रहे नाले की पुलिया का कार्य भी लम्बे समय से अधूरा पड़ा होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। कस्बा मोड़ से महमदपुर तक जल निकासी को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नाला तैयार कराने का कार्य जहां एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक पूरा नहीं हो सका है। लेकिन बनाए गए नाले में रिसाव के चलते अधिकांश अंडर ग्राउंड बिल्डिंगों में पानी भरना शुरू हो गया। इस समस्या को लेकर व्यापारियों ने पालिका प्रशासन तक रखा तो खुदाई कराई गईं कि आखिर लीकेज क्यों हो रहा है। अब सवाल उठता है कि अभी कार्य पूरा नहीं हुआ और नाला रिसने लगा जिससे लोगों की बिल्डिंगो को नुकसान पहुंचने से रोष बना हुआ है। वहीं चुंगी नंबर दो पर नाले की पुलिया अधूरी पड़ी होने से आवगमन में रात्रि जोखिम भरा साबित हो सकता है। इस संबंध में ईओ राजेश राणा से सम्पर्क करना चाहा तो उनका फोन न उठा।

## नव निर्मित मंदिर में जिलाधिकारी ने की राम, सीता व लक्ष्मण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कलेक्टेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में आज जिलाधिकारी अनुनय झा को पुरोहितों ने मंत्रों उच्चारण के साथ राम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्ति एवं शिवलिंग की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेज्ट सुनील कुमार त्रिवेदी आदि अधिकारियों के साथ आहूत विशाल भण्डारे में आये हुए संतो, कलेक्टेज्ट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों आदि को पूड़ी, सब्जी एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया।

# राष्ट्रीय सचिव एव पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य का हुआ भव्य स्वागत



अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। जनपद में निषाद पार्टी ने अपनी राजनीतिक सक्रियता को तेज कर दिया हैं।चोपन विकास खंड के बाड़ी क्षेत्र में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रविंद्र मणि निषाद के सोनभद्र आगमन पर कार्यकताओं ने जगह- जगह भव्य स्वागत किया। डाला-बाड़ी क्षेत्र से लेकर नगर के विभिन्न स्थानों तक कार्यकताओं ने फूल- मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया।इसके बाद जिला अध्यक्ष अनिकेत निषाद के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं के साथ राष्ट्रीय सचिव डाला बाड़ी स्थित वैष्णो माता शक्ति पीठ धाम पहुंचे, जहां विधिवत दर्शन-पूजन के उपरांत कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी करके स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में रविंद्र मणि निषाद ने बताया कि 21 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद का सोनभद्र आगमन प्रस्तावित है। उनके दो प्रमुख कार्यक्रम जनपद की दो बड़ी विधानसभाओं राबर्ट्सगंज और ओबरा में आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा संगठन विस्तार और आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा आगामी पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकताओं से अभी से बूथ स्तर तक मजबूती के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिला हमेशा से निषाद पार्टी का मजबूत आधार रहा है और यहां के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं।रविंद्र मणि निषाद ने आरोप लगाया कि वर्षों से पिछड़े और दलित वर्ग के अधिकारों का हनन होता रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन अब संगठन की ताकत के बल पर हम अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे।

# साइबर क्राइम पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के 52,731/- रुपये कराए गए वापस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।आवेदक 1 राजेश कुमार सिंह निवासी बी-55 एनसीएल खड़िया, शक्तिनगर जनपद सोनभद्र तथा 02. संजय कुमार जायसवाल पुत्र लालचन्द निवासी आर्य नगर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा धनराशि ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की गई थी। साथ ही एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से संबंधित भ्रामक सूचना देकर फोनपे ऐप के माध्यम से धनराशि आहरित कर ली गई थी।उक्त प्रकरण के संबंध में थाना साइबर क्राइम, सोनभद्र पर शिकायत दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में साइबर टीम द्वारा त्वरित तकनीकी एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर न्यायालय से होल्ड धनराशि वापसी आदेश प्राप्त कर कुल 52,731/- रुपये आवेदकों के मूल खातों में सफलतापूर्वक वापस कराए गए।

# प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री भिखारी बाबा आश्रम पहुंचे, लिया आशीर्वाद

**-भगवान शंकर का पूजन- अर्चन कर गौशाला में गौ माता को गुड़ खिलाया।**

**-आश्रम के संचालन में हर संभव दिया जाएगा सहयोग: संजय गौड़।**

**-भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से मंत्री जी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर शिवरात्रि की रात्रि में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री संजय गौड़ जा पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा भगवान शंकर का पूजन- अर्चन किया और गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से मंत्री जी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंत्री जी ने आश्रम की सराहना करते हुए संचालन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। भिखारी बाबा ने बताया कि मंत्री जी की आश्रम पर आने की इच्छा बहुत दिनों से थी। जब प्रभु का बुलावा आया तो शिवरात्रि के अवसर पर मंत्री जी का आगमन आश्रम पर हुआ। उन्होंने भगवान शंकर का पूजन-अर्चन किया, उसके बाद आश्रम के गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। मंत्री जी ने आश्रम की सराहना करते हुए कहा कि आश्रम के संचालन में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री जी का भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा साथ में पहुंचे इंजीनियर रमेश पटेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल का भी अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी विशाल मौर्या, रामबाबू मोदनवाल अरविंद उमर बैस, परमानंद महराज, सूरज जी महराज, इंद्रपती पांडे जी महराज, शुखराम जी महराज, भिखारी बाबा आश्रम की उत्तराधिकारी साध्वी कृष्णावती, विनीता गुप्ता, मधु उमर बैस, आकाश केसरी, देव उमर बैस, सोनू जायसवाल, सविता मिश्रा, कलावती चौबे, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या आदि मौजूद रही।

# नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण-जिलाधिकारी**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है और असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मार्च को विराट कवि सम्मेलन व 7 मार्च को मुशयरा का आयोजन किया जायेगा:-संचालक

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। श्री रामलीला मेला व प्रदर्शिनी कमेटी के मुख्य आयोजक व संचालक राम प्रकाश शुक्ल एडवोकेट ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि इस वर्ष नुमाईस मेला में 25 फरवरी 2025 को रावध वध, रावण राजनीति, आतिशबाजी व चिरकुला नत्य कार्यक्रम सायं 5 बजे से रामलीला मैदान में तथा रात्रि 8 बजे भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक व राजगद्दी कार्यक्रम का मंचन रामलीला पण्डाल में किया जायेगा और 01 मार्च 2026 को विराट कवि सम्मेलन रात्रि 9 बजे से रामलीला पण्डाल में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू हरी बहादुर श्रीवास्तव की स्मृति में गीत गायन प्रतियोगिता के लिए आडीशन 01 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से होगा तथा 2 मार्च को अपरान्ह 3 बजे प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी और 7 मार्च को रात्रि 9.30 बजे से अजीमुश्शान मुशायरा का आयोजन रामलीला पण्डासल में किया जायेगा। श्री शुक्ल ने अवगत कराया है कि विराट वार्षिक दंगल का आयोजन 10,11 व 12 मार्च को अपरान्ह दो बजे से रामलीला मैदान में किया जायेगा, 14 मार्च को सायं 7 बजे से, 16 मार्च को उन्नीसवां मॉ भगवती जागरण रात्रि 8 बजे से तथा 17 मार्च 2026 को कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन प्रातः 9 बजे से रामलीला पण्डाल में किया जायेगा। उन्होने कहा है कि इस जन मेले के सभी विशेष समारोह निःशुल्क है और जनपदवासियों को सर्वजन सपरिवार सादर आमंत्रित किया है।

# मंदिर का निर्माण फिर विधिवत भजन कीर्तन और किया गया भंडारा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई शहर की कचहरी में एक निर्जन सा स्थान था , गंदा संदा झाड़ी झनकार वाला ।इस स्थान को साफ सुथरा कराकर , रीति नीति का पालन कर एक सुंदर सा मंदिर , स्वंय के से और जनसहयोग से बनवाया है हरदोई के डीएम ने । वहां जहां कूड़ा करकट था वहां अब मंत्र भजन कीर्तन हो रहे हैं , ठंडे चबूतरों पर दूर दराज से आये लोग आराम कर रहे हैं , मंदिर में ईश्वर के दर्शन कर रहे हैं । भंडारे में पूड़ी छोले रायता कद्दू पुलाव लड्डू का प्रसाद आम और खास प्राप्त कर रहे हैं । ऊट अनुनय और रढ अशोक स्वंय से परोस रहे हैं , अधिकारी कर्मचारी पूड़ी दें , सब्जी दें का आग्रह कर रहे हैं । अद्भुत रमणीय नजारे हैं , सब कुछ अच्छा लग रहा है ।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर सतर्कता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य फोकस महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विधिक अधिकारों की जानकारी एवं साइबर अपराधों से बचाव रहा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0 ) के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।



अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

# जिलाधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं संबंधित जाँच अधिकारी, कोरम पूरा करने में लगे प्रधान

**रोरवा ग्राम पंचायत में ब्याप्त भ्रष्टाचार की जाँच में लेटलतीफी से ग्रामीणों में आक्रोश, लोगों ने किया जमकर प्रदर्शन , लगे मुदार्बाद के नारे**

अमन लेखनी समाचार

कोन / सोनभद्र - जिला मजिस्ट्रेट ,बद्रीनाथ सिंह सोनभद्र ने विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में अनियमितता की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए दिये थे जाँच के आदेश। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों , प्रधान मंत्री आवास, मुख्य मंत्री आवास, मनरेगा सहित लोक वित्त / राज्य वित्त में काफी अनियमितता बरती गई है जिसके क्रम में स्थानीय निवासी प्रतीक कुमार एवं राजेश कुमार भाटिया द्वारा शपथ पत्र युक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक- 19.01.2026 एवं 18.12.2025 प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत रोरवा, विकास खण्ड-कोन में कराये गये कार्यों का बिन्दुवार उल्लेख करते हुये जांच कराये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके उपरांत जिला मजिस्ट्रेट ,बद्रीनाथ सिंह ने उ०प्र० पंचायत राज अधिनियम 1947 यथा संशोधित 1994 की धारा-95(1) तथा उ०प्र० पंचायत राज (प्रधानों, उप प्रधानों और सदस्यों को हटाया जाना) जांघ नियमावली 1997 में निहित प्राविधानों के अनुसार उपरोक्त शिकायती पत्र की जांच हेतु निम्नवत जांच समिति गठित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनभद्र , जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (सहकारी समितियां एवं पंचायतें) , सोनभद्र नामित लेखा है। नामित लेखा परीक्षक को संयुक्त रूप जांच अधिकारी नियुक्त किया जाता है तथा जाँच अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि शिकायती पत्र में उल्लिखित प्रत्येक बिन्दुओं की स्थलीय / अभिलेखीय एवं तकनीकी जांच कर संयुक्त रूप से सुस्पष्ट आख्या एक पक्ष के भीतर शिकायती पत्र के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के दिये थे निर्देश। स्थानीय लोगों सहित शिकायतकताओं का आरोप है कि तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान ,प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जमकर धन का बंदरबाँट किया गया है। आगे शिकायतकताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि गठित जाँच अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी व ग्राम प्रधान को समय डिले करके मामले का निस्तारण कराया जा रहा। जिससे जाँच अधिकारी द्वारा शिकायतकताओं का शिकायत निराधार दिखाया जा सके । स्थानीय निवासी रजत सिंह सहित अन्य शिकायतकताओं ने कहा कि प्रधानपति द्वारा अपने चहेते को शौचालय का धन दिया किन्तु बना नहीं और वहीं अपने चहेते को मनरेगा में उपस्थिति दिखाकर मजदूरी डाली गई पर वास्तव में कार्य किये हैं उनका दो वर्षों से भुगतान बाकी है। जिसके क्रम में उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल जाँच कराये जाने व जमीनी हकीकत लोगों के सामने रखने की मांग किया है। उक्त प्रकरण के संबंध में पुन : शिकायतकताओं ने मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जाँच की मांग करते हुए न्यायालय की शरण में जाने की बातें कही। बुधवार को प्रतीक गुप्ता के अगुवाई में प्रदर्शन कारियों ने लगाये एडीओ पंचायत / ग्राम प्रधान मुदार्बाद के नारे लगाये और प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम प्रधान व एडीओ पंचायत की मनमानी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राघवेंद्र चंद्र आर्य, रामनाथ गुप्ता, सूर्य देव, राघवेंद्र भारती, भगवानदास , दीप नारायण, शांति देवी, राजू देवी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

## लाइफ Style



# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेंस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

*लेकिन सवाल है:* जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

*अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :* जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते है। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों मे मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे मे 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

*दुनिया* को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भरत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

*हॉलीवुड* या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहा बिना गानो की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मो मे औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

*यह* दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।